Seventeenth Loksabha

an>

Title : Need to provide adequate compensation to banana cultivators in Jalgaon district, Maharashtra who suffered loss

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे (रावेर): सभापति महोदय, महाराष्ट्र राज्य में जलगांव जिले में केले की फसल अधिकतर मात्रा में होती है और इस वर्ष में करीब-करीब एक लाख हेक्टर से ज्यादा सिंचाई क्षेत्र में केले की फसल की जा रही है । जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न हुए प्राकृतिक आपदाओं तथा प्रतिकूल मौसम से केले की फसल पर अनेक रोग का प्रभाव बढ़ता है जिसमें ज्यादातर Siga Toka (करपा), CMV (कुकुम्बर मोज़ेक वायरस) और चिलिंग इन्जुरी (चरका) जैसे रोग से केले की पूरी फसल ख़राब हो जाती है तथा आस-पास के केले की फसल भी प्रभावित होने की व इस रोग का फैलाव उस क्षेत्र मे तेज गति से होने की संभावना बढ़ती है । फसल बीमा योजना के अंतर्गत यह रोग से प्रभावित केले की फसल को होने वाले नुकसान के लिए कोई प्रावधान बीमा कंपनी ने नहीं किया है । पिछले लगातार दो वर्ष में केले की खेती करने वाले बहुत किसानों को इससे भारी मात्रा में नुकसान पहुँचा है जिससे इन किसानों को अपने क्षेत्र में फिर से खेती करना व अपने परिवार की देखभाल करना भी मुश्किल हुआ है । मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से एवं कृषि मंत्री जी से केले की फसल पर प्राकृतिक आपदाओं तथा प्रतिकूल मौसम के वजह से प्रभावित होने से तथा उपरोक्त रोगों के प्रभाव से होने वाले नुकसान को फसल बीमा योजना मे शामिल करने की और केले की फसल उत्पादक किसानों को इंश्योरेंस कंपनी से ज्यादा से ज्यादा राशि नुकसान भरपाई के तौर पर उपलब्ध करने की मांग भी इस सदन के माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी से करती हूँ ।